दिनांक 22.04.2026 को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बॉदा के कार्यालय में जल जीवन मिशन के तहत खटान/अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति हेतु आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 22.04.2026 को जल जीवन मिशन के "हर घर जल, नल से जल" के अन्तर्गत जनपद बांदा में संचालित खटान/अमलीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्बन्धित अधिकारियों/इंजीनियर्स की उपस्थिति में ली गयी, जिसमें निम्न अधिकारी उपस्थित रहे :–

1- श्री प्रद्युम्न कुमार, सहायक अभियन्ता, बॉदा।
2- श्री अनुज कुमार नामदेव, सहायक अभियन्ता, बॉदा।
3- श्री तेजस बुधौलिया, सहायक अभियन्ता, बॉदा।
4- श्री अंकित प्रताप वर्मा, सहायक अभियन्ता, बॉदा।
5- श्री इसरार अहमद, सहायक अभियन्ता, बॉदा।
6- श्री सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता बॉदा।
7- श्री रमेश गुप्ता, जूनियर इंजीनियर,बॉदा।
8- श्री अमित कुमार शुक्ला, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
9- श्री निशान्त कुमार, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
10- श्री मुकेश कुमार चौधरी, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
11- श्री रितेष कुमार चौरसिया, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
12- श्री सुशील कुमार, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
13- श्री अनुज कुमार, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
14- मो0 अजमल अंसारी, जूनियर इंजीनियर, बॉदा।
15- श्री अमरनाथ शुक्ला, प्लानिंग मैनेजर, एनसीसी लि0, बांदा।
16- मो0 मिसबाह, सीनियर इंजीनियर, एल0एण्ड0टी0 लि0, बांदा।

जनपद बांदा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित खटान/अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल परियोजना की समीक्षा का विवरण इस प्रकार है :–

**खटान पेयजल योजना**

खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत विकासखण्ड कमासिन, बिसण्डा, महुआ एवं नरैनी में पेयजलापूर्ति के कार्य सम्पादित कराये जा रहे है।

**विकासखण्ड कमासिन** के 06 ग्राम में लगभग 900 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 29 ग्रामों में लगभग 50 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड कमासिन में 13 ग्राम में लगभग 6000 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 04 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

**विकासखण्ड बिसण्डा** के 03 ग्राम में लगभग 3500 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 30 ग्रामों में लगभग 150 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड बिसण्डा में 14 ग्राम में लगभग 30000 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है।

**विकासखण्ड महुआ** के 03 ग्राम में लगभग 4500 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 95 ग्रामों में लगभग 985 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड बिसण्डा में 03 ग्राम में लगभग 6000 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 20 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

**विकासखण्ड नरैनी** के 08 ग्राम में लगभग 4100 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 70 ग्रामों में लगभग 695 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड नरैनी में 16 ग्राम में लगभग 35000 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 70 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

खटान पाइप पेयजल परियोजना के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि समस्त ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन, पाइप लाइन बिछाने हेतु पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए अवशेष कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं वर्तमान में जिन ग्रामों में 50 प्रतिशत से भी कम पेयजलापूर्ति की जा रही है वहाँ पर शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करायें।

**अमलीकौर पेयजल योजना**

अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत विकासखण्ड तिन्दवारी, जसपुरा, बड़ोखरखुर्द एवं बबेरू में पेयजलापूर्ति के कार्य सम्पादित कराये जा रहे है।

**विकासखण्ड तिन्दवारी** के 08 ग्राम में लगभग 1500 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 55 ग्रामों में लगभग 1800 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड तिन्दवारी में 40 ग्राम में लगभग 12500 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 01 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

**विकासखण्ड जसपुरा** के 02 ग्राम में लगभग 1200 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 15 ग्रामों में लगभग 190 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड जसपुरा में 03 ग्राम में लगभग 3500 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 03 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

**विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द** के 05 ग्राम में लगभग 530 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 50 ग्रामों में लगभग 400 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द में 12 ग्राम में लगभग 22600 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 03 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

**विकासखण्ड बबेरू** के 08 ग्राम में लगभग 1800 मीटर रोड रेस्टोरेशन, 32 ग्रामों में लगभग 200 स्थलों पर सी0सी0 रोड पैच मरम्मत का कार्य अवशेष है। विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द में 14 ग्राम में लगभग 10000 मीटर पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्य अवशेष है एवं जिन ग्रामों में पेयजलापूर्ति के कार्य पूर्ण कराये गये है उनमें से लगभग 04 ग्राम में पेयजलापूर्ति 50 प्रतिशत से भी कम पायी गयी है।

अमलीकौर पाइप पेयजल परियोजना के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि समस्त ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन, पाइप लाइन बिछाने हेतु पर्याप्त मैनपावर लगाते हुए अवशेष कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं वर्तमान में जिन ग्रामों में 50 प्रतिशत से भी कम पेयजलापूर्ति की जा रही है वहाँ पर शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करायें।

(मदन मोहन वर्मा)
अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)
बाँदा

## कार्यालय अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बांदा

पत्रांक :– 329/ W-15 / 19 दिनांक :– 28 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0, शासन, लखनऊ।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4- जिलाधिकारी महोदय, बांदा।
5- मुख्य अभियंता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
6- अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बांदा को इस निर्देश के साथ कि खटान एवं अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के अवशेष कार्यो की निगरानी कराते हुये अवशेष कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
7- मे0 एल0 एण्ड टी0 लि0 बांदा/मे0 एन0सी0सी0 लि0, बाँदा को इस निर्देश के साथ कि ग्रामों में शासन के निर्देशानुसार एवं कमिसनिंग प्लान के अनुसार जलापूर्ति निरन्तर कराना सुनिश्चित करें।

28.4.26

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे),
बाँदा